UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-199 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) गुरूवार 02 जुलाई 2026 | youngbharatE-

# यूपी में सभी 'ग्राम प्रधानों' के लिए नया अपडेट

**(प्रधान सम्पादक)**

**(यंग भारत न्यूज़)**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों और ग्राम प्रधानों को लेकर चल रहे विवाद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। पंचायत चुनावों को आगे बढ़ाने और मौजूदा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए रखने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को इस मामले में चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 3 अगस्त 2026 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने दिया। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 26 मई 2026 को जारी शासनादेश के तहत निवर्तमान ग्राम प्रधानों को छह महीने तक ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने की व्यवस्था की गई थी। इस फैसले को लेकर सवाल उठाए गए हैं कि क्या चुनाव प्रक्रिया को टालकर निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह प्रशासक नियुक्त करना संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप है। इसी मामले को लेकर बीएएलएलबी तृतीय वर्ष के छात्र आयुष पाण्डेय और युधिष्ठिर वर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में सरकार के शासनादेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 12(3-ए) की वैधता को भी चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत चुनाव टालने और प्रशासक नियुक्त करने की व्यवस्था इसी कानूनी प्रावधान के आधार पर की जा रही है, तो सिर्फ शासनादेश की समीक्षा पर्याप्त नहीं होगी। ऐसे में संबंधित कानून की संवैधानिकता की भी जांच जरूरी है। इससे पहले 22 जून 2026 को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी थी। इसके बाद संशोधित याचिका दाखिल की गई, जिसमें कानूनी प्रावधान को भी चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243 ई पंचायतों के निश्चित कार्यकाल और समय पर चुनाव कराने की व्यवस्था करता है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद लंबे समय तक प्रशासकों के माध्यम से व्यवस्था चलाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की भावना के खिलाफ हो सकता है। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्राम प्रधानों और पंचायत चुनावों से जुड़ा मामला फिर चर्चा में आ गया है। राज्य सरकार का जवाब आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि चुनाव प्रक्रिया और प्रशासक नियुक्ति को लेकर आगे क्या निर्णय होगा। फिलहाल निवर्तमान ग्राम प्रधानों की स्थिति और पंचायत चुनावों की तारीख को लेकर अंतिम फैसला हाईकोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई के बाद ही सामने आएगा।

# यूपी मिशन 2027: पीडीए के चक्रव्यूह को तोड़ने की रणनीति तैयार

## 6 मोर्चों पर घेरेगी भाजपा

**( यंग भारत न्यूज )**



**लखनऊ।** 2024 लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए कार्ड से झटका खाने के बाद भाजपा ने मिशन-2027 को लेकर नई रणनीति बनाई है। प्रदेश इकाई में जहां ओबीसी एवं अनुसूचित चेहरों की संख्या बढ़ाया गया है।

वहीं ओबीसी, एससी-एसटी, किसान एवं महिला मोर्चे पर सपा के पीडीए की धार कुंद करने का बड़ा दायित्व होगा। लखनऊ में तीन और चार जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष प्रदेश के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ बैठकर पीडीए का चक्रव्यूह तोड़ने का भी मंत्र देंगे। पिछले दिनों सीएम योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के विस्तार में भी पिछड़ों एवं अनुसूचित समाज को विशेष वरीयता दी गई। 25 जून को प्रदेश संगठन की नई टीम में छह क्षेत्रीय अध्यक्षों में से चार पिछड़े समाज से बनाए गए। छह मोर्चों में सिर्फ युवा मोर्चा छोड़कर अन्य पांच की कमान पिछड़ों एवं अनुसूचित समाज के हाथ में देकर पीडीए की काट का प्रयास किया गया। पार्टी ने विधान सभा चुनाव को देखते हुए संगठन में जातीय समीकरणों को नए सिरे से सजाया है। विकसित भारत-जी राम जी योजना बुधवार से प्रदेश में लागू की जा रही है, जिसकी कार्ययोजना पार्टी ने कई माह पहले बना लिया था। किसान मोर्चे की कमान मेरठ के देवेंद्र चौधरी को दी गई है, जिनकी अगुआई में पार्टी मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, सहारनपुर, बिजनौर, बुलंदशहर, हापुड़ से लेकर अमरोहा एवं मुरादाबाद तक विशेष रूप से किसानों के बीच चौपाल लगाएगी। वहीं, वीबी-जी राम जी समेत अन्य विषयों पर गांवों में पहुंचकर सपा के पीडीए फार्मूले को घेरने का प्रयास होगा। पिछड़ों एवं अनुसूचित समाज की बड़ी आबादी खेतीबाड़ी और मजदूरी से जुड़ी है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के जवाब में भाजपा ने ओबीसी मोर्चे की कमान इसी समाज के प्रकाश पाल को दी है, जो पहले दिन से पीडीए की नई परिभाषा बताते हुए सपा पर प्रहार कर रहे हैं। मिश्रिख के लोकसभा सांसद अशोक रावत को अनुसूचित मोर्चे की कमान देकर पार्टी ने यह संदेश दिया कि है पार्टी संगठन एवं जनप्रतिनिधियों को एक साथ आगे कर चुनावी समीकरण कसेगी।

## सुर्खियां.............

### ग्राम सहाव में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई** । साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ग्राम सहाव में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ एवं साइबर इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों से सावधान रहने और डिजिटल लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

### भदवा स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** बुधवार से परिषदीय स्कूल विधिवत खुल गए हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत विकासखंड के ग्राम भदवा स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया।

### स्कूलों वाहनों का चेकिंग अभियान, दो वाहन पकड़े गये

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** शिक्षा सत्र के पहले दिन से ही परिवहन अधिकारी ने स्कूलों वाहनों का चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पहले दो स्कूलों को नियमों के उल्लंघन करने में पकड़ लिया और उन्हें कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया। स्कूल वाहन में मौजूद बच्चों को अपनी गाड़ी से स्कूल भेजा। परिवहन अधिकारी ने स्कूल संचालक से विद्यालय समिति के घटन करने व वाहनों की फिटनेस के आवश्यक

# जिन-जिन होटलों में हुई दरिंदगी, उन पर चला बुलडोजर,... हवस के भूखे 32 भेड़ियों ने बारी-बारी लूटी थी नाबालिग की इज्जत

**( यंग भारत न्यूज )**



राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 साल की बच्ची से गैंगरेप के मामले में काफी हंगामा हुआ। इसके बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कथित तौर नाबालिग से जिन-जिन होटलों में मासूम से दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया गया था उन सभी पर बुडोजर चला दिया गया है।

जबकि गैंगरेप के आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया अब तक इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने बताया कि 32 लोगों को इस घटना आरोपी बनाया गया है। जानिए पूरा मामला दरसअल, यह मामला 18 जून का है आरोप है कि घर से गायब हुई 13 साल की बच्ची को होटल में बेच दिया था। इसके बाद बच्ची के साथ हैवानियत शुरू हुई। पुलिस के मुताबिक 32 लोगों ने बच्ची के साथ रेप किया। इस पूरे मामले में अब तक 12 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस सूत्रों को कहना है कि होटल मालिकों ने बच्ची को दिन में 6-6 लोगों के हवाले कर दिया। बच्ची से लगातार हर दिन 6 लोग रेप करते रहे। रिक्शा चालक पर नाबालिग को बेचने का आरोप बताया जा रहा है कि 13 साल की बच्ची अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने उसकी खोज शुरू की, जब लोगों को पता चला कि रिक्शा चालक ने होटल वाले को चंद रुपयों में बच्ची को बेच दिया है। नाराज लोगों ने बड़ी संख्या में लोग घरों से निकलकर एसपी ऑफिस और कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर पुलिस ने लिया एक्शन घटना के बाद पुलिस ताबड़तोड़ कई होटलों में छापे मारी की। पुलिस ने होटल मालिकों सहित कई होटल मैनेजरों को पकड़ा और पूछताछ शुरू हुई। श्री गंगानगर में 150 से ज्यादा अवैध होटल चल रहे हैं। रजिस्ट्रेशन सिर्फ 40 का है। उसके बाद जिन होटलों में बच्ची से रेप की घटना की गई उन सभी होटलो पर बुलडोजर चला दिया गया घटना पर क्या बोली पुलिस ? एसपी हरिशंकर ने कहा 18 जून एक घटना सामने आई जिसमें आरोप है कि एक घर से गायब हुई 13 साल की बच्ची को होटल में बेच दिया था। होटलों में बच्ची से हैवानियत हुई। जिन होटलों में बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न हुआ था, उन पर देर रात बुलडोजर चला दिया गया। पुलिस अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दोषी कोई भी हो इस मामले में सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। धरने पर बैठे विधायक जिला कांग्रेस अध्यक्ष व श्रीकरणपुर विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर समेत कई नेता व जनप्रतिधि धरने पर बैठे थे। धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक ने कहा था कि यह मामला बेहद शर्मनाक और अमानवीय है आरोपियों को फांसी की सजा देनी चाहिए। हवस के भूखे ऐसे भेड़ियों और अवैध होटल संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# करोड़ों की लागत से तैयार हो रही 'क्रिटिकल केयर यूनिट' से गंभीर मरीजों को बाहर रेफर नही करना पड़ेगा

## उरई मेडिकल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी लगातार बनी हुई है चुनौती

- राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते उठते रहते है स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल
- भवन तैयार, उपकरण और स्टाफ की तैनाती का इंतजार
- क्रिटिकल केयर यूनिट क्या लोकल राजनीत की खींचतान का शिकार तो नही हो जाएगी
- बड़ी संख्या में होना हैं स्टाफ की भर्ती, इसी पर लगीं हैं सत्ताधारी नेताओं की निगाहें



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

**मेडिकल कालेज में होने जा रही बड़ी उपलब्धि पर 'यंग भारत' की 'एक्सक्लुसिव' रिपोर्ट**

**( यंग भारत न्यूज )**



**उरई।** जालौन के राजकीय मेडिकल कॉलेज को लेकर इन दिनों राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं। जिले के लोगों का मानना है कि मेडिकल कॉलेज से जुड़ी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीतिक विवादों से दूर रखकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि आम मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। दूसरी ओर, स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि विभिन्न प्रशासनिक निर्णयों और स्थानांतरणों को लेकर लगातार आरोप-प्रत्यारोप होते रहे हैं। हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जिले के लिए 50 बेड की क्रिटिकल केयर बिल्डिंग को स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने से उम्मीद है कि गंभीर मरीजों को इलाज के लिए कानपुर, झांसी या अन्य बड़े शहरों की ओर कम जाना पड़ेगा। वर्तमान में भवन का निर्माण लगभग पूरा बताया जा रहा है, लेकिन इसके संचालन के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना और प्रशिक्षित चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती अभी बाकी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, क्रिटिकल केयर परियोजना की शुरुआत तत्कालीन कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार मौर्य के कार्यकाल में हुई थी। बाद में वर्ष 2024 में शासन द्वारा डॉ. अरविंद त्रिवेदी को प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया, जिनके कार्यकाल में निर्माण कार्य आगे बढ़ा। इसके बाद हुए प्रशासनिक बदलावों को लेकर विभिन्न प्रकार की राजनीतिक चर्चाएं होती रहीं। हालांकि स्थानांतरण के कारणों पर शासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज का संचालन प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। वहीं कुछ कर्मचारियों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में कार्य संस्कृति और प्रशासनिक समन्वय को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। समय पर कार्य न होने, कर्मचारियों के बीच समन्वय की कमी तथा आपातकालीन सेवाओं में अव्यवस्था जैसी शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित अधिकारियों की प्रतिक्रिया भी उपलब्ध नहीं है। सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि मेडिकल कॉलेज में हुए कुछ प्रशासनिक निर्णयों और स्थानांतरणों के पीछे राजनीतिक हस्तक्षेप की भूमिका रही। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक दस्तावेज या शासन स्तर की पुष्टि उपलब्ध नहीं है। इसलिए इन दावों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी आज भी मेडिकल कॉलेज की सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई वर्षों के संचालन के बावजूद यहां रेडियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, गैस्ट्रो सर्जन सहित अनेक सुपर स्पेशियलिटी विशेषज्ञों के पद रिक्त बताए जाते हैं। इसके कारण गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को अब भी बड़े चिकित्सा संस्थानों की ओर जाना पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी मेडिकल कॉलेज की सफलता केवल भवन निर्माण से तय नहीं होती। आधुनिक उपकरण, पर्याप्त बजट, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्टाफ और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था ही किसी संस्थान को प्रभावी बनाती है।

यदि क्रिटिकल केयर यूनिट का संचालन सभी आवश्यक संसाधनों के साथ शुरू होता है तो यह जालौन ही नहीं, आसपास के जिलों के मरीजों के लिए भी बड़ी राहत साबित हो सकता है। अब जिले की जनता की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्रिटिकल केयर यूनिट का उद्घाटन कब होता है, आवश्यक उपकरण कब स्थापित होते हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कब तक सुनिश्चित की जाती है। लोगों की अपेक्षा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीतिक विवादों से ऊपर रखकर मरीजों के हित में त्वरित निर्णय लिए जाएं, ताकि मेडिकल कॉलेज अपनी स्थापना के उद्देश्य को पूरी तरह पूरा कर सके।

# माधौगढ़ में रोडवेज बस स्टैंड की मांग तेज: शाम 4 बजे के बाद थम जाते हैं पहिए, व्यापार मंडल और जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज







( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन ):** जनपद जालौन की महत्वपूर्ण तहसील माधौगढ़ में परिवहन सेवाओं की बदहाली को लेकर स्थानीय व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों का आक्रोश फूट पड़ा है। माधौगढ़ व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से माधौगढ़ में एक सर्वसुविधायुक्त रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण और शाम के समय अतिरिक्त बस सेवाएं संचालित करने की पुरजोर मांग की है।

## माधौगढ़ में शाम 4 बजे के बाद ठप हो जाता है आवागमन

व्यापारियों का कहना है कि माधौगढ़ क्षेत्र की एक मुख्य तहसील होने के बावजूद परिवहन के मामले में बेहद उपेक्षित है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शाम 4:00 बजे के बाद माधौगढ़ से बाहर (जैसे उरई, झांसी, कानपुर या अन्य शहरों) जाने के लिए या बाहर से माधौगढ़ वापस आने के लिए कोई भी सरकारी या निजी बस उपलब्ध नहीं होती है। आलम यह है कि शाम ढलते ही माधौगढ़ का संपर्क अन्य प्रमुख शहरों से पूरी तरह कट जाता है।

## जनप्रतिनिधियों और व्यापारी नेताओं ने बयां किया दर्द

ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे ने इस समस्या को बेहद गंभीर बताते हुए कहा:माधौगढ़ इस पूरे क्षेत्र की एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ी तहसील है। रोजाना हजारों लोगों का यहां आना-जाना होता है। लेकिन शाम 4 बजे के बाद उरई या अन्य बाहरी क्षेत्रों के लिए कोई बस सेवा न होने से आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए। 'वही व्यापारी नेता सुमित तर्सोलिया और ऋषभ चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि परिवहन के साधन न होने का सीधा असर माधौगढ़ के व्यापार पर पड़ रहा है। देर शाम व्यापारियों को माल लाने-ले जाने या व्यापारिक सिलसिले में बाहर जाने के लिए कोई साधन नहीं मिलता, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।बीएसपी नेता दीपू सिंह ने भी इस मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य आपातकाल या किसी जरूरी काम से अगर किसी को रात में बाहर जाना पड़े, तो जनता के पास कोई विकल्प नहीं बचता।

## जनता और व्यापारियों की मुख्य मांगें:

1. रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण: माधौगढ़ में एक स्थाई और व्यवस्थित रोडवेज बस स्टैंड बनाया जाए, ताकि यात्रियों को धूप और बरसात में सड़क किनारे खड़ा न होना पड़े।

2. शाम की बस सेवाओं का संचालन: शाम 4:00 बजे के बाद भी उरई, जालौन और अन्य प्रमुख रूटों के लिए रोडवेज बसों के फेरे सुनिश्चित किए जाएं।

जिला मुख्यालय (उरई) से माधौगढ़ के लिए देर रात तक बसों की उपलब्धता हो, ताकि बाहर से आने वाले यात्री सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।व्यापार मंडल, राजनीतिक दलों के नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन जालौन से अविलंब इस समस्या का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि जल्द ही माधौगढ़ को बस स्टैंड की सौगात और शाम के समय बस सेवाएं नहीं मिलीं, तो क्षेत्र की जनता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# रिमझिम बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जुलाई के पहले दिन हुई रिमझिम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली। सुबह से आसमान में छाए बादलों के बीच शुरू हुई हल्की बारिश ने वातावरण को सुहावना बना दिया।

बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सड़कों, बाजारों और पार्कों में मौसम का आनंद लेने वालों की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली, क्योंकि बारिश खरीफ फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है। मौसम के सुहावने होने से बच्चों और युवाओं ने भी बारिश का आनंद लिया। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है, जिससे तापमान सामान्य बना रहेगा।

# कृषि विभाग कुठौंद में बीज भंडारण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध किसान भाई अपना पोॅटल पर आवेदन कर बीज प्राप्त करें

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन।** राजकीय कृषि बीज भण्डार, कुठौन्द पर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से खरीफ फसलों के उन्नतशील एवं संकर (हाइब्रिड) बीज उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से अरहर, मूंग, उड़द, बाजरा, मक्का, ज्वार, तिल, आदि फसलों के बीज उपलब्ध हैं।

किसानों को उनकी मांग के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित अनुदान (सब्सिडी) पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर बीज वितरित किए जा रहे हैं। सभी किसान बंधुओं से अनुरोध है कि खरीफ बुवाई से पहले अपने बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए राजकीय कृषि बीज भण्डार, कुठौन्द पर आकर ऑनलाइन बुकिंग कराएं एवं अनुदानित बीज प्राप्त करें। ऑनलाइन बुकिंग के लिए किसान अपने आधार कार्ड, किसान पंजीकरण, फार्मर रजिस्ट्री एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ स्वयं अपने एंड्रॉयड मोबाइल से अथवा जल सुविधा केन्द्र/जन सेवा केन्द्र या कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से भी बुकिंग करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के प्रदर्शन हेतु नि:शुल्क बीज मिनी किट भी उपलब्ध कराई गई हैं। पात्र किसान शीघ्र पंजीकरण कराकर इस योजना का लाभ उठाएं। मिनी किट का वितरण भी 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

अत: सभी किसान भाई समय रहते किसान पंजीकरण, फार्मर रजिस्ट्री, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ राजकीय कृषि बीज भण्डार, कुठौन्द पर पहुंचकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

संपर्क करें:

श्री जे. पी. सेंगर (ए.डी.ओ. (कृषि)) - 7355648057

श्री अनुरुद्ध सिंह (प्रभारी, राजकीय कृषि बीज भण्डार, कुठौन्द) - 9690303110

श्री अमन दीक्षित - 7417897344

श्री अभय भान चतुर्वेदी - 9455109966

श्री आदर्श द्विवेदी - 7376775680

श्री अरुण कुमार गौतम - 9936720082

# नदीगांव में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 1 जुलाई से प्रारंभ हुए 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत बुधवार को नदीगांव स्थित कंपोजिट विद्यालय द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यालय से वंचित बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था।रैली का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राम स्वरूप कुशवाहा एवं खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे तथा शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा का अधिकार पाए' और 'बेटी-बेटा एक समान, शिक्षा है सबका सम्मान' जैसे प्रेरक नारे लगाए। रैली को देखकर स्थानीय नागरिकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय भेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और 'स्कूल चलो अभियान' का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।रैली में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, स्वच्छता बनाए रखने तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर हरीमोहन रजक (एआरपी), इस्मत उल्ला (प्रधानाध्यापक), महेंद्र प्रताप सिंह, अंकित अग्रवाल, योगिता, प्रतिमा, जितेंद्र नाथ, वीर प्रताप सिंह, जितेंद्र राठौर, पंकज द्विवेदी, चंद्रपाल, वेद प्रकाश, सुशील पटैरिया, सरस्वती नंदन, रवि शर्मा, सुराज सिंह, बादशाह स्वर्णकार, मठु कुशवाहा सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवक को सांप ने डसा,झाड-फूंक के बाद हालत बिगडी,अस्पताल में किया भर्ती

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम लौना में मंगलवार व बुधवार की मध्यरात्रि एक 35 वर्षीय युवक को सांप ने डस लिया। घटना उस समय हुई जब गांव में बिजली गुल थी। सर्पदंश के बाद युवक की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी।जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान दिलीप पुत्र संतराम निवासी लौना के रूप में हुई है। परिजनों ने शुरुआत में उसे अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराई, लेकिन हालत में सुधार न होने पर बुधवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया।अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में युवक का उपचार जारी है। चिकित्सकों ने समय पर अस्पताल पहुंचने और सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तुरंत चिकित्सकीय उपचार कराने की सलाह दी है।बरसात का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी हैं,

जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी प्रभारी डॉ अनिल शाक्य भी लोगों से सतर्क रहने और किसी भी सर्पदंश की स्थिति में बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने की अपील की है।

# सेठ बद्रीप्रसाद कालेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** महेशपुरा रोड स्थित सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय में संचालित एनएसएस इकाई द्वारा एड्स जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया

सेठ बद्रीप्रसाद चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आरडी सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। एड्स संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का प्रयोग तथा संक्रमित माता से शिशु में फैलता है। महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर एवं पूनम ने कहा कि समय समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार एवं जागरूकता से एड्स जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ बृजेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय व चिकित्सालय स्टॉफ के सदस्यों सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# भाकियू की मासिक बैठक संपन्न 3 जुलाई को विधुत मंडल कार्यालय पर धरने का किया एलान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक बुधवार दोपहर कोंच ब्लॉक परिसर में जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों और ग्रामीणों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग प्रशासन से की।बैठक में किसानों ने कहा कि क्षेत्र में पान की बुवाई पूरी हो चुकी है ऐसे में अन्ना पशुओं से फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। उन्होंने मांग की कि अन्ना पशुओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए तत्काल उचित व्यवस्था की जाए ताकि किसानों की मेहनत बर्बाद न हो।इस दौरान किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया। संगठन ने घोषणा की कि 3 जुलाई शुक्रवार को सुबह 10 बजे अधीक्षण अभियंता, विद्युत मंडल कार्यालय उरई पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।बैठक में ग्राम पड़री एवं मनोहरी के तालाबों की सफाई, ग्राम मनोहरी में खराब पड़े हैंडपंप का री-बोर, ग्राम पंचीपुरा में खड़ंजा निर्माण, ग्राम पडरी में नालों की सफाई व सचिवालय नियमित रूप से खोलने तथा पात्र गरीब किसानों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग उठाई गई। इसके अलावा कैथी गांव में खलिहान की भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाने, रामजानकी मंदिर के कुएं के जीर्णोद्धार और प्राथमिक विद्यालय परिसर में खुले नाले की मरम्मत कराने की भी मांग प्रशासन के समक्ष रखी गई।बैठक के अंत में संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगी।बैठक में तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष पटेल, सौरभ पटेल, अशोक कुमार खैरी, अवध किशोर तिवारी, वीरेंद्र सिंह लौना, घनश्याम पटेल, लालता प्रसाद, रामदास कुशवाहा, सुशील कुमार, मलखान सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद पटेल, प्रवीण, सद्दाम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# सपा कार्यकर्ताओ ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन





## -गरीवो को भोजन खिलाकर,पौधे रोपे

( यंग भारत न्यूज )

**कोच** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को नगर में सपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके साथ ही दरिद्र नारायण सेवा समिति में उपस्थित होकर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष अमित यादव सभासद की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष अमित यादव सभासद ने कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा डॉ. राम मनोहर लोहिया, जनेश्वर मिश्र और मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन पर सभी समाजवादी कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरकर आवाज बुलंद करेंगे।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली की आलोचना करते हुए विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी।इस अवसर पर छात्र सभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, वरिष्ठ नेता रामशरण कुशवाहा,कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, मनोज इकडया,माधव कुशवाहा, सतेंद्र गुर्जर, रवि यादव, मुलायम कुशवाहा, रवि यादव मेडिकल, महंत जी, सतीश परिहार, राजू चमरसेना, केशव बबेले, ताहिर कुरैशी, अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, भोला नाथ झा, अजय परैथा, करुणानिधि शुक्ला, अतीक अहमद, घनश्याम, रामकुमार, सामी, सोबी मंसूरी, महंत कृष्णपाल सिंह,अनस खान सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन गरीबों को भोजन वितरण और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# अखिलेश के जन्मदिन पर रक्तदान, वृक्षारोपण और भोजन वितरण






- युवजन सभा ने मेडिकल कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर
- वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कराया भोजन, पौधे भी रोपे

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बुधवार को समाजवादी युवजन सभा ने जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह यादव के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसके अलावा जालौन के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया गया।

रक्तदान शिविर में सिद्धार्थ सिंह यादव, मयंक जाटव, सूर्या यादव, पृथ्वी यादव, शिखर यादव और अनुपम गुर्जर, अल्ताफ मंसूरी, पंकज ठाकुर, प्रधान सिंह, संतोष कुशवाहा, शाहरुख खान, दिलशाद ने रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए समाजहित के कार्य किए गए हैं। रक्तदान से जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है और वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में ब्रजेंद्र दोहरे, सत्यम यादव, प्रताप यादव, सौरभ शर्मा, शुभम यादव, राम यादव, कन्हैया यादव, सुमित यादव, रेशम मंसूरी, सियाराम, शिवम यादव, मोहित पाल, लोकेन्द्र पटेल, जय यादव, इसरार सिद्दीकी, शिवम चौहान, अमन कुमार, इरफान मलिक, विपिन यादव, सुभाष यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली, बच्चों के नामांकन का दिया संदेश

## रामपुरा नगर पंचायत में चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार बुधवार को 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत नगर पंचायत रामपुरा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना तथा अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। रैली का शुभारंभ नगर पंचायत रामपुरा की चेयरमैन गायत्री देवी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में नगर क्षेत्र के सभी परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'हर बच्चा स्कूल जाए', 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे', 'शिक्षा है जीवन का आधार' तथा 'बेटी-बेटा एक समान, शिक्षा है सबका अधिकार' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अभिभावकों से बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। शिक्षकों ने लोगों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पाठ्यपुस्तकों, मध्यान्ह भोजन, नि:शुल्क यूनिफॉर्म, जूते-मोजे तथा अन्य सरकारी सुविधाओं की जानकारी भी दी। रैली के दौरान नागरिकों ने अभियान की सराहना करते हुए बच्चों के विद्यालय प्रवेश के प्रति सकारात्मक रुचि दिखाई। इस अवसर पर चेयरमैन गायत्री देवी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार प्राप्त है और समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से समय पर बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराने की अपील की। कार्यक्रम में सुनील शुक्ला, अवधेश कुमार मिश्रा, मनीष राज, प्रशांत त्रिपाठी, रघुराज प्रताप सिंह, रवि गोस्वामी, रिचा चौधरी, अनिल कुमार, तृप्ति खरे, रक्षा विश्वकर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में सभी ने विद्यालय से बाहर रह रहे प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित कराने का सामूहिक संकल्प लिया।

# इनर व्हील क्लब स्वर्णिम उरई ने चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों का किया सम्मान

## जिला अस्पताल में आयोजित समारोह में सीएमओ रहे मुख्य अतिथि

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन ।** इनर व्हील क्लब स्वर्णिम उरई (सत्र 2026-27) की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला अस्पताल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद रहे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट चिकित्सा योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब की अध्यक्ष रजनी सिंह ने कहा कि डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने समर्पण, सेवा और मानवता के भाव से समाज को स्वस्थ रखने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है और इनर व्हील क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टरों की सेवाएं समाज के लिए अमूल्य हैं। ऐसे सम्मान समारोह चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। समारोह में सीएमएस जे जे राम, डॉ. सुनीत सचान, डॉ. दीपक आर्या, डॉ. अंकुर शुक्ला, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. अवनीश बनौधा, डॉ. अरविंद्र श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति मिश्रा एवं अर्चना विश्वास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रजनी सिंह, सचिव अनीता चतुर्वेदी, आईएसओ हेमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सरिता सिंघल, संपादक शिल्पी अग्रवाल, संयुक्त सचिव शालिनी तिवारी, उपाध्यक्ष नूपुर कौशिक, चार्टर अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल सहित शशि सोमेंद्र सिंह, डॉ ममता स्वर्णकार, उर्वशी सिंह, आरती उपाध्याय, निष्ठा द्विवेदी, शालिनी निरंजन अलीम सर एवं क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# हनुमान मंदिर मार्ग पर नाली व सड़क निर्माण की मांग, डीएम से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



- वार्ड नंबर 14 के लोगों ने जिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र
- बरसात से पहले नाली व सड़क बनवाने की उठाई मांग

**उरई ( जालौन ) ।** शहर के वार्ड नंबर 14 इन्द्रा नगर के दर्जनों निवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर हनुमान मंदिर से धरम निषाद के मकान तक नाली एवं सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि हनुमान मंदिर के पास स्थित मार्ग पर नाली का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। सड़क कच्ची होने के कारण कीचड़ हो जाता है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले समस्या और गंभीर होने की आशंका है। वार्डवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बरसात से पूर्व हनुमान मंदिर से धरम निषाद के मकान तक नाली एवं सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को जलभराव, कीचड़ और गंदगी से राहत मिल सके। प्रार्थना पत्र पर क्षेत्र के कई लोगों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं।इस मौके पर रोहित दीक्षित, रामकिशोर, सुरेन्द्र सिंह यादव, नारायण दास राठौर, राजेन्द्र वर्मा, दुर्गा प्रसाद, शैलेन्द्र दीक्षित सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाइयों ने धूमधाम से मनाया

## -पार्टी कार्यालय पर वृक्षारोपण व केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन ) ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मंगलवार को जनपद में सपाइयों ने उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा लगातार मजबूत हो रही है और कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से महेश शिरोमणि दोहरे उरई-जालौन विधानसभा से प्रवल दावेदार, बृजमोहन उर्फ बब्लू नरछा, महेश विश्वकर्मा, इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, जिला महासचिव जमालुद्दीन ,लाखन सिंह कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, संदीप यादव,राजू अहिरवार, दीपू त्रिपाठी, जयशंकर द्विवेदी, जीवन प्रताप वाल्मीकि, भानु राजपूत महेश्वर द्विवेदी महेश विश्वकर्मा,महेश शिरोमणि दोहरे,वेद प्रकाश यादव,नत्थू सिंह कुशवाहा,शबीउददीन, महबूब मंसूरी, प्रताप सिंह यादव,दशरथ सिंह पाल,,संतोषी प्रजापति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# मनमानी के आरोपों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच की मांग

## ग्राम पंचायत नावली के ग्रामीणों ने अनियमितता का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन ) ।** कोंच विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नावली में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ग्रामीणों ने मनमानी और अनियमितता के आरोप लगाए हैं। ग्रामीण प्रहलाद सबिता पुत्र रामकिशुन 60 वर्ष का कहना है कि योजना का लाभ पात्र लोगों को न देकर अपात्र व्यक्तियों को दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत नावली में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची और चयन प्रक्रिया की जांच कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। हालांकि, इस मामले में संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि पीड़ित प्रहलाद की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसके जर्जर हालत में मकान की जांच की।

# सपा नेताओं ने खीर वितरण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन ) ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव उर्फ लल्ला यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया के नेतृत्व में जिला अस्पताल उरई के मुख्य गेट पर खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में मौजूद मरीजों के तीमारदारों, राहगीरों एवं आमजन को खीर वितरित कर अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देती रही है। जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच खीर वितरण करना सेवा और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया महासचिव अमरेन्द्र आर्य,फरद खान, सुमित यादव, सत्येंद्र दोहरे, उस्मान अली, सुनील उदैनिया, आकाश,सौरभ यादव,सहित कई नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके उपरांत लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष लल्ला यादव के नेतृत्व में राठ रोड़ स्थित वृद्धा आश्रम पहुंच कर वहां पर मौजूद वृद्धजनों को मिष्ठान वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया।

- जिला अस्पताल गेट पर आमजन को वितरित की खीर
- पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में सपाजन रहे मौजूद

# अनिल कुश्तवार बने बसपा के झांसी मंडल प्रभारी

## नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देश तथा झांसी मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की संस्तुति पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनिल कुश्तवार को झांसी मंडल प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अनिल कुश्तवार लंबे समय से बहुजन समाज पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर अनिल कुश्तवार ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती, मंडल एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ना तथा बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान भी किया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार निगम का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया

## माही पैलेस कार्यालय में केक काटकर दी शुभकामनाएं

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन ।** महेंद्र कुमार निगम (एड0) का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वरिष्ठ सेल टैक्स अधिवक्ता एवं समाजसेवी महेंद्र कुमार निगम (सेल टैक्स एडवोकेट) का जन्मदिन बुधवार को उनके कोंच बस स्टैंड स्थित माही पैलेस कार्यालय में बड़े हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी शुभचिंतकों ने श्री निगम का माल्यार्पण कर, केक कटवाकर जन्मदिन की शुभकामनाए दीं। तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य,दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि महेंद्र कुमार निगम के प्रति लोगों के अपार प्रेम, सम्मान, स्नेह एवं विश्वास का प्रतीक है। बड़ी संख्या में शुभचिंतकों की गरिमामयी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपने सरल, सौम्य, मिलनसार एवं सेवाभावी व्यक्तित्व से समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान और सम्मानजनक स्थान बनाया है। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में दीपक श्रीवास्तव (एडवोकेट), कंचन कुमार शिवहरे, सतेंद्र पस्तोर, संतोष राठौर, अवध सोनी (सभासद), गणेशदत्त गिरी गोस्वामी, मैया प्रजापति, रविन्द्र यादव, हरिओम पांचाल, विजय, विपिन कुमार पटेल, विवेक श्रीवास्तव, अजय कुमार, संतोष यादव, प्रदीप गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव एवं लकी श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव का आगाज़: 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जालौन में वृक्षारोपण, छात्रों ने लिया हरियाली का संकल्प

## डीएम ने विद्यार्थियों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ, 1 से 7 जुलाई तक व्यापक पौधारोपण और जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, 01 जुलाई।** वन महोत्सव-2026 के शुभारंभ अवसर पर जनपद जालौन में राजकीय इंटर कॉलेज, उरई परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियों के साथ पौधे रोपे तथा सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया।




जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। प्रत्येक छात्र-छात्रा अपने घर, विद्यालय तथा आसपास उपलब्ध खाली स्थानों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल भी करे। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा, 'हम अपनी मां को सम्मान देने और इस पृथ्वी मां को हरा-भरा एवं स्वस्थ रखने के लिए सदैव संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी विभागों एवं आमजन से 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने की अपील की। साथ ही नुक्कड़ नाटक, हरित रैली, प्रभात फेरी, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार ने 'आम बहार आपके द्वार' मिशन के तहत छायादार एवं फलदार आम के पौधों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि वर्षाकाल 2026 में प्रदेशभर में 40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाए तथा उसकी सिंचाई और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसी उद्देश्य से जनसहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और हरित जालौन के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# संचारी रोगों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान का आगाज, जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

## आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता और बचाव का दिया संदेश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएन प्रसाद ने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान शपथ दिलाई गई। रैली के माध्यम से आमजन को स्वच्छता अपनाने, जलभराव रोकने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने, साफ पेयजल के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा बुखार या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियां और नारों के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो अनेक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि 1 जुलाई से संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड व्यापक जनजागरूकता, साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव तथा घर-घर स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि समय रहते बचाव एवं रोकथाम सुनिश्चित करना है। रैली में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उद्योगों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में बनेगा प्रभावी मॉडल, कालपी के लिए तैयार होगी दीर्घकालिक कार्ययोजना

## -उद्योग भी सुरक्षित रहेंगे और प्रदूषण की समस्या का भी निकलेगा स्थायी समाधान - मंडलायुक्त

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने सर्किट हाउस सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में पेपर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों का संरक्षण प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों उद्देश्यों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जो समाधान प्रस्तुत किया गया है, वह व्यवहारिक और दूरदर्शी है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है तो उद्योगों को राहत मिलेगी और प्रदूषण की चुनौती का भी स्थायी समाधान निकल सकेगा। उन्होंने कहा कि कालपी क्षेत्र के औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। किसी भी आधारभूत परियोजना का निर्माण केवल वर्तमान परिस्थितियों को देखकर नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसी दृष्टिकोण से जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि वर्ष 2045 तक की संभावित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मजबूत एवं टिकाऊ आधारभूत ढांचा विकसित किया जा सके।मंडलायुक्त ने कहा कि कालपी तेजी से विकसित हो रहा है। ऐसे में औद्योगिक विस्तार, पर्यावरणीय मानकों और जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए एक समग्र एवं दीर्घकालिक योजना के तहत कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन, उद्योगों और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ऐसा मॉडल विकसित होगा, जिससे उद्योगों की प्रगति भी सुनिश्चित होगी और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य भी प्रभावी रूप से प्राप्त किए जा सकेंगे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक क्लीनर की मौत, चालक गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )





**उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह करीब 4 बजे एक्सप्रेसवे के 217 किलोमीटर प्वाइंट पर हुआ, जब झांसी से औरैया जा रहा ट्रक सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक क्लीनर रामरतन (20 वर्ष), निवासी फिरोजाबाद की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसका शव ट्रक के केबिन में फंसा मिला। वहीं ट्रक चालक सौरभ (25 वर्ष), निवासी मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायल चालक को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण सड़क किनारे खड़े डंपर से ट्रक की टक्कर माना जा रहा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# हर बच्चा स्कूल, हर सपना साकार के संकल्प के साथ स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना, शत-प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दिया संदेश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर जनपद में बुधवार को स्कूल चलो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से जनपदवासियों को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराने तथा नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाया जाएगा। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर सहयोग करना होगा। उन्होंने शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनपद का कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयवार सर्वे कर ऐसे सभी बच्चों का चिन्हांकन किया जाए जो अभी तक विद्यालय में नामांकित नहीं हैं और उनका शीघ्र प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन के साथ-साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालय वातावरण तथा शासन की सभी छात्रहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विकास खंडों एवं विद्यालयों में जागरूकता रैलियां, नामांकन अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रम तथा अभिभावक संवाद आयोजित किए जाएंगे, ताकि शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। रैली में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो गुटो में जमकर मारपीट और पथराव

## घटना का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात गल्ला मंडी गेट के सामने दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हो गया। घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह खुद को सुरक्षित किया, जबकि कई लोगों ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों गुटों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गयी। हालांकि विवाद की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# जनपद में कुपोषण के खिलाफ ''सम्भव अभियान 6.0

## 01 जुलाई से 30 सितम्बर का आयोजन, गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद जालौन में मातृ एवं बाल कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए महत्वकांक्षी ''सम्भव 6.0'' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। त्रैमासिक आधार पर चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार कर पोषण सुरक्षा को मजबूत करना है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा जिला पोषण समिति की बैठक दिनांक 29.06.2026 में सम्भव अभियान 6.0 के आयोजन हेतु बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। जिसमें निर्देशित किया गया कि सम्भव अभियान की प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर सभी विभाग समन्वित प्रयासों से अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित कराये तथा अभियान के दौरान विशेष पोषण पाठशालाएं आयोजित करायें, जहां लाभार्थियों व उनके परिवारजन को संतुलित आहार और शिशु देखभाल की जानकारी दी जायेगी। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव द्वारा सम्भव अभियान 6.0 के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों एवं कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी किया गया। साथ ही आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य व पंचायती राज विभाग के बीच समन्वय, ग्राम पंचायत स्तर पर जनसहभागिता बढ़ाने तथा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान के दौरान 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत वजन एवं लंबाई मापन कराया जाएगा, गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही आवश्यक छः प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें कुपोषण की गंभीर श्रेणी से बाहर लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गर्भवती एवं धात्री माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भावस्था के दौरान वृद्धि निगरानी तथा पोषण ट्रैकर ऐप पर आंकड़ों का फीडिंग कार्य किया जाएगा। छः माह से अधिक आयु के बच्चों के अभिभावकों को पूरक आहार एवं उचित पोषण संबंधी जानकारी देकर जागरूक भी किया जायेगा।

# जगह-जगह जलभराव व बजबजाती नालियां बनीं शहर की पहचान, पालिका के कागजी दावों की खुली पोल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** मानसून की पहली ही बारिश ने नगर पालिका के सफाई और जल निकासी संबंधी दावों की पोल खोलकर रख दी। शहर के कई प्रमुख मार्गों, मोहल्लों और बाजारों में जलभराव की स्थिति बन गई, जबकि नालियां बजबजाती नजर आईं। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश के दौरान कई स्थानों पर सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक सड़कों पर भरा रहा। जगह-जगह फैली गंदगी और उफनती नालियों से दुर्गंध फैलने लगी, जिससे स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बरसात से पहले नालों और नालियों की सफाई के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में व्यवस्थाओं की वास्तविकता सामने आ जाती है। लोगों ने नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान की मांग की है। बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं नगर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था भी उजागर कर दी। अब शहरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नगर पालिका समस्या के समाधान के लिए कितनी गंभीरता से कदम उठाती है।

# 14 की उम्र में पहला आशिक, 15 में शादी, 16 में ससुराल छोड़ा और 17 में दूसरे बॉयफ्रेंड के साथ.मेरठ में ऑनरकिलिंग का गंदा राज

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आप भी हैरान हो जाओगे। इलमा नाम की एक लड़की का 14 साल की उम्र से चरित्र ठीक नहीं था। जिसकी वजह से घर वालों ने उसके बॉयफ्रेंड से शादी करवा दी, लेकिन उसके बावजूद भी इलमा अपनी आदतों से बाज नहीं आई।



शादी के बाद भी मायके में कुल 17 साल की उम्र में अफेयर कर लिया। जिसकी वजह से परिवार इतना परेशान हो गया कि भाई ने गला दबाकर हत्या कर दी। पूरा मामला हुमायूंनगर का है। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे 16 साल का दिलशाद पुलिस चौकी पहुंचा। दिलशाद ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी है। यह सुनकर पुलिस वाले हैरान हो गए। पुलिस टीम तुरंत दिलशाद के घर पहुंची। वहां जाकर देखा तो उसकी बात सच निकली। दिलशाद ने अपनी 17 साल की बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दिलशाद की बहन इलमा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दिलशाद से पूछताछ शुरू की। दिलशाद ने पुलिस को बताया कि जब उसकी बहन केवल 14 साल की थी तो उसका चरित्र खराब हो चुका था। घरवालों ने इलमा को एक लड़के के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था। उसके बाद पंचायत हुई और दिलशाद के घरवालों ने अपनी बेटी इलमा की शादी उस लड़के से कर दी, जिसके साथ आपत्तिजनक हालत में मिली थी। शादी के समय इलमा की उम्र केवल 15 साल थी। पूछताछ में दिलशाद ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद भी उसकी बहन का व्यवहार ठीक नहीं हुआ। शादी के कुल 6 महीने बाद ही उसकी बहन वापस अपने मायके आ गई और पड़ोस में रहने वाले एक लड़के के साथ संबंध बना लिए थे। दोनों मिलने लगे थे। इसकी शिकायत पड़ोसियों ने इलमा के घरवालों को दी। इसके बाद घरवालों ने अपनी बेटी को खूब समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। इसी बीच रविवार की सुबह करीब 6:00 बजे इलमा अपने नए बॉयफ्रेंड के साथ घर से भाग गई। घरवालों ने अपनी बेटी को खूब ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में पता चला कि वह पड़ोस में रहने वाले बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई है। उसके बाद मंगलवार की सुबह करीब 9:00 बजे इलमा वापस लौटी। इस दौरान घर में झगड़ा हो गया। घरवालों ने कहा कि तुम अपनी ससुराल वापस चली जाओ, लेकिन इलमा ने साफ इनकार कर दिया।

# पौत्री से रेप और ब्लैकमेलिंग से आहत दादा ने दम तोड़ा, आरोपितों ने युवती के मंगेतर को भी भेजे अश्लील वीडियो

( यंग भारत न्यूज )

**बेहट ( सहारनपुर )।** बेहट क्षेत्र में पौत्री के साथ दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किए जाने से आहत व्यक्ति ने सदमे में दम तोड़ दिया। परिवार ने लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का भी आरोप लगाया।



एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर चार नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमे के अनुसार पीड़िता की मां ने कहा कि उसकी बेटी इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। इसी दौरान वर्ष 2017 में एक युवक उसकी बेटी से अभद्र व्यवहार करता था। जिसका वह बेटी विरोध करती थी। आरोप है कि बाद में उसने पुरानी रंजिश के चलते उसकी बेटी के अश्लील फोटो और वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। उसे मिलने के लिए ब्लैकमेल करते हुए मजबूर किया गया। आरोप है कि एक स्थान पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया तथा उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर लगातार ब्लैकमेल किया जाता रहा। यह भी आरोप है कि आरोपित युवक, युवती और उसके परिवार को जान से मारने तथा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की लगातार धमकी देते रहे। ऐसे हालात में परिवार मानसिक तनाव में आ गया। पीड़िता की मां का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी शादी के लिए रिश्ता भी तय कर दिया था, लेकिन आरोप है कि आरोपित ने अश्लील वीडियो उसके मंगेतर तक को भेज दिए। जिससे परिवार और सदमे में आ गया। इसी सदमे के चलते पीड़िता के बाबा की भी मौत हो गई। मुकदमे में नामजद किए गए आरोपितों में अजय नौटियल निवासी कस्बा बेहट, आशीष चौहान निवासी गांव अलीपुरा नौगांवा थाना मिर्जापुर, विनोद कुमार पेगवाल व कैंट कुमार के साथ ही एक अज्ञात को भी शामिल किया गया है।

# गाजियाबाद में लव जिहादः जब हिंदू संगठन रूम में पहुंचा तो युवती के साथ युवक कर रहा था ऐसा कांड, हो गया हंगामा

( यंग भारत न्यूज )



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक युवक और युवती को लेकर विवाद सामने आया है। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक पर अपनी धार्मिक पहचान छिपाने का आरोप लगाते हुए दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक युवक और युवती को लेकर विवाद सामने आया है। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक पर अपनी धार्मिक पहचान छिपाने का आरोप लगाते हुए दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक युवक और युवती विजयनगर क्षेत्र के एक किराए के कमरे में रह रहे हैं। सूचना मिलने पर संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। दोनों कमरे के अंदर मिले। इसके बाद युवक से पूछताछ की गई। बताया गया कि युवक ने कहा कि दोनों आपसी सहमति से दोस्त हैं और भविष्य में कोर्ट मैरिज करने की योजना बना रहे हैं। उसने यह भी कहा कि युवती अपनी मर्जी से उसके साथ है। राष्ट्र हिंद वीर सेना के अध्यक्ष सत्यम पंडित ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान युवक ने पहले अपना नाम सचिन बताया, लेकिन आधार कार्ड देखने पर उसकी पहचान शाहिद अंसारी के रूप में हुई। संगठन का दावा है कि युवक अपनी धार्मिक पहचान छिपाकर युवती के संपर्क में आया था और खुद को हिंदू बताने के लिए हाथ में कलावा भी बांधता था। संगठन ने इस पूरे मामले को पहचान छिपाने से जुड़ा मामला बताते हुए पुलिस को सूचना दी और युवक को उनके हवाले कर दिया।

# 3 बच्चों के दादा पर आया 22 साल की युवती का दिल! थाने पहुंची तो खुला 'कोर्ट मैरिज' का अनोखा राज

( यंग भारत न्यूज )

**सौंधन ( संभल )।** कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवती द्वारा 45 वर्षीय विवाहित व्यक्ति से कोर्ट मैरिज करने का दावा किया। जो पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। युवती ने रजिस्टर्ड डाक से पुलिस को शिकायत भेजकर पति को पहली पत्नी और स्वजन द्वारा बंधक बनाने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर पहुंची, वहां देर रात तक चली पंचायत के बावजूद कोई सहमति नहीं बन सकी।



थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से थाना पुलिस को शिकायत भेजकर आरोप लगाया कि उसके पति को स्वजन ने घर में बंधक बना रखा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस व्यक्ति के घर पहुंची। पूछताछ में सामने आया कि व्यक्ति के स्वजन को भी कोर्ट मैरिज की जानकारी नहीं थी। इसके बाद पुलिस व्यक्ति को थाने ले आई। जानकारी मिलने पर युवती भी थाने पहुंच गई। युवती ने बताया कि वह मुरादाबाद के एक महाविद्यालय से बीटीसी की पढ़ाई कर रही है और पास के एक विद्यालय में शिक्षण कार्य भी करती है। उसका कहना था कि करीब चार वर्ष पहले एक स्वयंसेवी संस्था में साथ काम करने के दौरान व्यक्ति से परिचय हुआ था। समय के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब पता चला कि 45 वर्षीय व्यक्ति पहले से विवाहित है। उसके तीन बेटे हैं और वह पोते-पोतियों का दादा भी है। सूचना मिलते ही व्यक्ति की पत्नी और बच्चे भी थाने पहुंच गए। स्वजन ने युवती को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रही और पति के साथ रहने की बात दोहराती रही। पुलिस ने भी दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर रात तक कोई समाधान नहीं निकल सका। थाना परिसर में पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी रही और मामला चर्चा का विषय बना रहा। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि युवती ने अभी तक कोर्ट मैरिज से संबंधित कोई दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध नहीं कराए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद उनकी सत्यता की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 15 साल की उम्र मे मां बनी, अब ससुर,देवर लूट रहा इज्जत, गिरफ्तार नही कर रही पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**बस्ती।** जिले केदुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने रेप के मामले मे आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया है। युवती ने गिरफ्तारी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दिया है। आरोप ससुर अलीकमर और देवर अल्तमस पर है। युवती का शौहर दिल्ली मे रहकर पढ़ाई करता है। आपको बता दें युवती इससे पहले दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी है।छुट्टियां व मौसमी आयोजन




युवती की तहरीर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दुबौलिया पुलिस ने 11 जून को बीएनएस की धारा 85,64, 115(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। लेकिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने मे कोई रूचि नही दिखाई। आरोपियों की धमकियों और जिल्लत से परेशान युवती ने 24 जून को एसपी से मुलाकात कर इंसाफ अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग की। एसओ दुबौलियां से बात करने पर उन्होने बताया कि मामला महला थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका पूरा मामलायुवती के मुताबिक करीब 8 साल पहले 14 साल की उम्र मे गांव के ही आवेश पुत्र अलीकमर ने उसके साथ बलात्कार किया। वह गर्भवती हो गई। नाबालिग के साथ बलात्कार के जुर्म मे जेल न जाना पड़े इसलिये आवेश के परिजनों ने युवती और उसके परिजनों पर दबाव बनाकर उसका आवेश से निकाह करा दिया। इसके बाद आवेश पढ़ाई की बात कहकर दिल्ली गया और फिर वापस नही लौटा। 15 साल की उम्र मे युवती मां बन गई। लेकिन उसके शौहर ने उससे और बेटी से कोई सम्बन्ध नही रखा। यहां तक कि उसका और बेटी का आधार कार्ड तक नही बनवाया और कोई मिल्कियत भी नही खरीदी। युवती का आरोप है कि आवेश और उसके परिवार के लोग उसे जान से मारना चाहते हैं। मजबूरी का फायदा उठाकर ससुर अलीकमर और देवर अल्तमस ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। कभी नशीला पदार्थ खिलाकर तो कभी गरदन पर चाकू रखकर। कई बार सात साल की बेटी ने गलत तरीके से छूते और आपत्तिजनक स्थिति मे कमरे मे ले जाते हुये देखा है। इस अपमानजनक जीवन से छुटकारा पाने के लिये युवती दो बार सुसाइड करने की कोशिश कर चुकी। आरोप यह भी है युवती ने जब ससुर और देवर द्वारा की जा रही हैवानियत से अपनी सास शबनम को अवगत कराया तो उसने डंडे से मार दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। पूरा मामला शौहर को फोन पर बताया तो उसने कहा तुम जियो या मरो, हमसे कोई मतलब नही है। युवती ने कहा उसकी बेटी और उसे जान का खतरा है। आरोपी, शौहर और सास शबनम लगातार मुकदमा उठाने का दबाव बना रहे हैं और कह रहे हैं मुकदमा उठा लो वरना जान से मार देंगे। इस मामले मे पुलिस ने अपना काम नही किया तो कोई भी वारदात हो सकती है इसलिये सतर्कता जरूरी है।

# सुहागरात के बाद 'स्पाइडरमैन' बनी दुल्हन! 23 फीट नीचे कूदकर भागी; खौफ में दूल्हा बोल- ये मेरे टुकड़े-टुकड़े कर देगी

( यंग भारत न्यूज )

मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है. यहां शादी के अगले ही दिन एक नई-नवेली दुल्हन सुहागरात के बाद फिल्मी स्टाइल में ससुराल से रफूचक्कर हो गई. घर में सुरक्षा के लिहाज से चारों तरफ ताले लगे थे, लेकिन दुल्हन ने भागने के लिए अपनी जान की भी परवाह नहीं की.वह दो मंजिला मकान की छत से स्पाइडरमैन की तरह ग्रिल पर लटकी और गहने-नकदी समेटकर फरार हो गई. इस घटना के बाद सहमे दूल्हे ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा है कि यह लड़की आगे चलकर उसकी जान ले सकती है.



मुरैना के झुंडपुरा की रहने वाली नम्रता जोशी की शादी 29 जून को ग्वालियर जिले के जरगांव निवासी जितेंद्र जोशी से हुई थी. शादी के बाद बड़ी धूमधाम से विदाई हुई. दोस्त और रिश्तेदार बारात में जमकर नाचे थे. नम्रता रोते हुए अपने मायके से विदा होकर ससुराल पहुंची थी. लेकिन किसे पता था कि यह आंसू किसी बड़ी साजिश का हिस्सा थे. ससुराल में सिर्फ एक रात बिताने के बाद 30 जून की सुबह करीब 4 बजे नम्रता ने खौफनाक कदम उठाया. वह दबे पांव दूसरी मंजिल की छत पर पहुंची. वहां से उसने करीब 23 फीट नीचे पड़ोसी की छत पर छलांग लगा दी. इसके बाद वह एक मंजिला मकान की छत पर आई और लोहे की ग्रिल से मकड़ी की तरह लटककर सड़क पर उतरी और कुछ ही मिनटों में गायब हो गई.

सुबह जब दूल्हे जितेंद्र की आंख खुली, तो दुल्हन गायब थी. काफी तलाश करने के बाद जब गांव के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तो नम्रता सुबह के अंधेरे में तेजी से भागती हुई दिखाई दी. छानबीन में पता चला कि वह घर से कीमती जेवर और नकदी भी अपने साथ समेट ले गई है. जितेंद्र तुरंत अपने परिजनों के साथ विश्वविद्यालय थाने पहुंचा. पुलिस ने जब दुल्हन के पिता हीरालाल जोशी को फोन किया, तो वे बेटी को अपने साथ लेकर थाने पहुंच गए. थाने पहुंचने पर नम्रता के पिता और भाई ने उसे काफी समझाया, जिसके बाद नम्रता ने यू-टर्न लेते हुए अपने पति जितेंद्र के साथ जाने की इच्छा जताई. लड़की के परिवार ने दूल्हे पर दबाव भी बनाया, जिससे थाने में काफी देर तक तीखी बहस हुई. लेकिन दूल्हा जितेंद्र अपनी बात पर अड़ा रहा. जितेंद्र ने साफ शब्दों में कहा, 'जिसने शादी के कुछ घंटों बाद ही पूरे समाज में मेरी बदनामी कर दी, नकदी-जेवर लेकर छत से कूदकर भाग गई, वह आगे चलकर मेरे टुकड़े-टुकड़े कर देगी. यह मेरी जान के लिए बड़ा खतरा है, मैं इसे अपने साथ कभी नहीं रखूंगा.'

# '20 किलो अनार लेकर आना,' दारोगा ने ऐसा कहकर ली बीस हजार रिश्वत; पोल खुलने पर रुपये फेंकने पर भी एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को पुलिस लाइन के गेट नंबर तीन से गंगानगर थाने में तैनात दारोगा प्रकाश चंद को 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ लिया। रिश्वत के लिए दारोगा ने अनार नाम का कोडवर्ड बना रखा था। एक हजार रिश्वत के लिए एक किलो अनार लाने के लिए बोला जाता था। दारोगा ने नोट फेंककर भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया और सिविल लाइंस थाने ले आई। मुकदमा दर्ज कर आरोपित दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। गंगानगर के गंगाधाम कालोनी निवासी नमन चौधरी ने 15 अप्रैल को गंगानगर थाने में हरिद्वार के मंगलौर निवासी पवन चौधरी, मुजफ्फरनगर निवासी संगीता चौधरी, उनके बेटे नवनीत के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।

इसकी विवेचना अलीगढ़ निवासी दारोगा प्रकाश चंद को दी गई। प्रकाश चंद ने सभी आरोपितों को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए। पवन के बेटे दीपक चौधरी ने दारोगा प्रकाश चंद से संपर्क किया। दीपक रियल एस्टेट में ठेकेदार हैं। दीपक ने प्रकाश चंद के सामने प्रस्ताव रखा कि वह मुकदमे में उनके पिता पवन को क्लीनचिट दे दें। साथ ही मामी संगीता को थाने से जमानत दे दी जाए। सिर्फ ममेरे भाई नवनीत को जेल भेजकर चार्जशीट लगा दी जाए। उसके लिए दारोगा ने दो लाख की मांग की। दीपक ने एक साथ इतनी रकम जुटाने में असमर्थता जताई। तब प्रकाश चंद ने कहा कि किस्त में भी उक्त रकम चार्जशीट जमा करने से पहले दे सकते हैं। दीपक ने मंगलवार को पहली किस्त के नाम पर 20 हजार देना तय किया।साथ ही एंटी करप्शन की टीम को दारोगा से बातचीत की रिकार्डिंग दे दी। आडियो में दारोगा दीपक से बोल रहा है कि 20 किलो अनार लेकर आना। दारोगा का मतलब बीस हजार रुपये से था। एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर मयंक अरोड़ा के नेतृत्व में टीम के साथ ही दीपक चौधरी 20 हजार देने के लिए गंगानगर थाने पहुंचे। प्रकाश चंद ने फोन पर बताया कि वह पुलिस लाइन स्थित आवास पर हैं। उसके बाद दोपहर में टीम पुलिस लाइन पहुंच गई। गेट नंबर तीन पर दारोगा प्रकाश चंद ने दीपक को बुला लिया। दीपक से रकम पकड़ते ही एंटी करप्शन की टीम ने प्रकाश चंद को दबोच लिया। घूसखोर पुलिसकर्मी महकमे की साख पर बट्टा लगा रहे हैं, लेकिन शीर्ष अफसर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं। शायद यही कारण है कि माह में एंटी करप्शन की टीम एक से दो पुलिसकर्मियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ रही है। थाने से लेकर सीओ आफिस तक हालत यह हो गई कि पासपोर्ट की जांच में भी रिश्वत का रेट तय हो गया है। यह हाल तब है जब यहां एडीजी से लेकर डीआइजी और एसएसपी तक सुपरविजन के लिए मौजूद हैं। सबसे ज्यादा वसूली विवेचनाओं में हो रही है, जबकि इसका सुपरविजन सीओ करते हैं। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने गंगानगर थाने के दारोगा प्रकाश चंद को पुलिस लाइन गेट से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा।इससे पहले गत 17 जून को ही तीन हजार रुपये रिश्वत लेते हुए नौचंदी थाने के दारोगा अनूप सिंह और रेलवे रोड थाने के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार को जेल भेजा गया था। लूट के आरोपित को हिरासत से छोड़ने के एवज में यह रकम वसूली गई थी। गत 21 मई को ब्रह्मपुरी थाने के दारोगा वैभव कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था। वह टीम से छूटकर भाग गया था। उसके निजी सहायक से यह रकम बरामद हुई थी। इसी तरह 25 अप्रैल को पल्लवपुरम थाने में तैनात 2023 बैच के दारोगा छत्रपाल को एंटी करप्शन ने 10 हजार रुपये रिश्वत के साथ रंगेहाथ पकड़ा था। इसी साल गत 11 फरवरी को लोहियानगर थाने के दारोगा लोकेंद्र साहू और महेश गंगवार को 20 लाख की वसूली करने पर जेल भेजा था। गणना कार्यालय पर रोजाना घर बैठे उपस्थिति दर्ज कराने पर वसूली हो रही है।'



# भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय है : कुं अविनाश सिंह चौहान

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप मे बिधान परिषद के सदस्य अविनाश सिंह चौहान विशिष्ठ अतिथि के रूप मे किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष झांसी प्रदीप सरावगी, एम एल सी रमा निरंजन, गरौठा बिधायक जवाहरलाल राजपूत रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की।कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया।



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी देश को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन 'संकल्प से सिद्धि' की प्रेरणा देता है। राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया और हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

प्रदीप पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मानना था कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।उनके आदर्शों पर चलते हुए भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मन में राष्ट्रभक्ति का भाव कूट-कूट कर भरा था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए समर्पित कर दिया। श्री तिवारी ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और डॉ. मुखर्जी हमेशा इस बात पर विचार करते थे कि किसानों की उन्नति के माध्यम से देश को कैसे आगे बढ़ाया जाए। उनका मानना था कि किसान मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा। उन्होंने कृषि, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झांसी महानगर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सरावगी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक एकता का प्रबल समर्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की हिंदू विरोधी नीतियों और विचारधारा का विरोध करते हुए भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का उद्देश्य देश में राष्ट्रवादी विचारों को मजबूत करना और भारतीय संस्कृति तथा अखंडता की रक्षा करना था। प्रदीप सरावगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने पूरे जीवन को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध करते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष किया। उनके विचार और बलिदान आज भी देश के करोड़ों लोगों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते है। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद कुंवर अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश के लिए महत्वपूर्ण और अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया तथा उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय है, अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना। भाजपा हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राष्ट्र पहले है और पार्टी बाद में। यही विचारधारा पार्टी को अन्य दलों से अलग बनाती है। कुंवर अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जनादेश प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देकर देश के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया और आज सरकार उसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक संवेदनशील और जनसेवा के लिए समर्पित पार्टी है। कोरोना महामारी के कठिन दौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जरूरतमंदों की सहायता की और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर एक देश, एक संविधान और एक निशान के संकल्प को पूरा किया गया। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी, पूर्व आई ए एस विजय निरंजन, भाजपा नेता राम जी परिहार, जिला महामंत्री डा अनिल राज, बद्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल , वीरेन्द्र नायक, नेहिल सिंघई, हाकिम सिंह चौहान, चंचल कंठरिया, यशोदा कुशवाहा, प्रगति आर्य, यज्ञेश यादव, दीपक त्रिपाठी, चन्द्रभान सिंह अहिरवार, टीकाराम पटेल, हरगोविंद निरंजन, आशीष खरे, सुरेन्द्र मोहन पाठक, पुष्पेंद्र दुबे,सत्य प्रकाश तिवारी, आशीष उपाध्याय, मुकेश पटेल, रिंकू दीक्षित,आयुष श्रीवास, शत्रुघ्न सिंह परिहार, आत्माराम फौजी,नृपेन्द सिंह चौहान,नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र कंसाना, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे। संचालन सतेंद्र खरे ने किया।

# स्वनिधि महोत्सव में वेण्डर्स को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पी0एम0 स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम झांसी में मंगलवार को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहारी लाल आर्य द्वारा बताया गया किया कि यह योजना रेहडी पटरी दुकानदारो को स्वरोजगार से जोडकर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उददेश्य से प्रारम्भ की गयी थी जिसका सफल कियान्वयन देश प्रदेश में किया जा रहा है इसी क्रम में झांसी क्षेत्रान्तर्गत रेहडी पटरी दुकानदारो द्वारा योजना का लाभ लेते हुए स्वरोजगार बढाते आत्मनिर्भर बन रहे है। अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता द्वारा जानकारी दी गयी कि भारत सरकार द्वारा योजना की आवधि 2030 तक बढ़ा दी गयी है। इसके अन्तर्गत वेण्डर्स को चरणबद्ध तरीके से 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। द्वितीय ऋण चुकाने पर वेण्डर्स को क्रेडिट कार्ड की भी सुविधा दी जा रही है। डिजिटल



लेनदेन करने वाले वेण्डर्स को कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ मिलता है। वेण्डर्स श्री मदन मोहन उपाध्याय द्वारा ऋण लेने से पूर्व एवं ऋण लेने के बाद की स्थिति के बारे में बताते हुए सरकार द्वारा सोमनाथ यात्रा पर भेजे जाने का अनुभव भी साझा किया एवं श्रीमती संगीता द्वारा योजना से जुडकर सफलता की कहानी बताते अन्य उपस्थित जनो को प्रेरित किया। कार्यक्रम में वेण्डर्स को स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा योजना के सफल संचालन में योगदान देने वाले स्वनिधि मित्रो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वेण्डर्स के परिवार की सोशियो इकॉनामिक प्रोफाईलिंग कर उन्हे भारत सरकार की 06 जन कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़े जाने के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में बिहारी लाल आर्य महापौर, नगर निगम झांसी के पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त/परियोजना अधिकारी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम झांसी एवं डूडा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 10 जुलाई से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लखनऊ आकर एनडीए के सभी दलों से सीटों के बारे में वार्ता करेंगे

## उत्तर प्रदेश के आधा जलजन भाजपा नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में समाहित किया जाएगा

अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** 10 जुलाई से पहलेभारतीय जनता पार्टीके राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी एल सन्तोषलखन ऊआ रहे है जो गठबंधन दलों से वार्ता कर, विधानसभाओं की सीटो का विभाजन कर कि कौन-कौन दल को कितनी-कितनी सीटें दी जाएगी। इस पर एनडीए की पार्टी के नेताओं के साथ गहन मंथन करेंगे।

वही उत्तर प्रदेश के लगभग आधा दर्जन नेताओं को राष्ट्रीय संगठन मे जगह दी जाने की चर्चा है जिसमें स्मृति ईरानी अमरपाल मौर्य डां महेंद्र सिंह अशोक कटियार डांदिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को समायोजित किया जाएगा यह खबर बहुत तेज है। वर्तमान समय में भाजपा और उसके सहयोगी एन डी ए घटक कुल मिलाकर कर 293सदस्य है तथा सपा कांग्रेस बसपा और अन्य दल है जिसमें सपा सबसे ज्यादा कांग्रेस के दो विधायक और बसपा के एक विधायक हैं। जहां भाजपा पिछले चुनाव में 374 सीटो में कांग्रेस 400सीटो मे और बहुजन समाज पार्टी 403 सीटो पर चुनाव लडा थाद्यद्दपूरी विधान सभामें सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी ने सीटें जीती द्यद्दऔर वह अकेले सरकार बनाने में सक्षम थी द्यद्दफिर भी उन्होंने गठबंधन धर्म निभाते हुए अपना दल, निषाद पार्टी, सुभासपा और राष्ट्रीय लोकदल,को सरकार में शामिल किया जबकि भाजपा के 255अपना दल के 12लोकदल के 8और निषाद पार्टी और सुभासपा के 6-6 विधायक थे द्यद्य बहुमत के लिए 205सीटेही पर्याप्त थी। 2022मेविधान सभा में जहां भाजपा बहुमत बनाया और एन डी ए को लेकर293सदस्य थे फिर भी 2024मे उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सपा37सीटेऔर कांग्रेस ने 6सीटेतथा आजाद बहुजन पार्टी ने एकसीट चन्द्रशेखर उर्फ रावण तथा भारतीय जनता पार्टी ने 33अपना दल ने एक और लोकदल ने 2सीटे जीती भाजपा को और नरेंद्र मोदी को बहुत बड़ा झटका लगा था। किसी तरह केन्द्र में एन डी ए की सरकार बनी। 2024मेसपा ने 37सीटे जीतीभाजपा से भी 4सीटेअधिक थी तो समाजवादी पार्टी कांग्रेस बसपा या अन्य दलों से गठबंधन तो करना चाहती उनको पायी हुई सीटें और वोट प्रतिशत के आधार पर किसी को भी 50सीटेऔर सभी गठबंधन दलों को मिला कर वह किसी भी सूरत में में अधिकतम सभी गठबंधन दलों को मिला 78सीटो तक ही देनाचाहती है जिससे कांग्रेस बसपा आजाद बहुजन पार्टी और औवेसी की पार्टी मिल कर चुनाव लडने की बातें कर रही है। वहीं भाजपा अपना दल निषाद पार्टी सुभासपा के अलावा केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी और शिवसेना शिन्दे गुट को लेकर और राष्ट्रीय लोकदल के साथ मैदान में उतरने का मन बना चुकी है। भाजपा जहां 300से320सीटो में लड़ना चाहती जो 2022केचुनाव से कम सीटें हैं द्य परन्तु वह थोड़ा झुक कर गठबंधन को लेकर चलना चाहती है। सपा के वरिष्ठ नेता का कथन हैं कि हमने37लोक सभा अभी वर्ष 2024 मे जीती जिसका आशय यह है कि 37×5बराबर यानी 185सीटे में हम वैसे ही विजयी है और जो विधानसभा 2022मेहमारे 100केऊपर विधायक हैंद्य मान लीजिए उसमे 50प्रतिशत भी जीते तो सपा अकेले दम पर 245से260सीटे आयेगी तो हमारी पार्टी किसी से दब कर कोई गठबंधन नहीं करेगी द्यहमारी शर्तों में जो गठबंधन करेगा उसी गठबंधन करेंगे वरना भाजपा को हमारी पार्टी अकेले हराने में सक्षम है।यहभी जोड़ते हुए सपा सुप्रीमो अखिलेश जी ने साफ कहा है कि हमारी सरकार आयेगी तो श्री रामलला मे अभी जिसने भी लूट की सनातनी हिन्दू की आस्था में जिन्होंने चोट पहुंचाई है उन्हें गद्दी छोड़नी पड़ेगी। इसलिए कांग्रेस बसपा का सपा से किसी भी प्रकार का गठबंधन होता नहीं दीख रहा हैद्य उधरकांग्रेस यह मान कर चल रही है कि मुस्लिम और अनुसूचित तो कांग्रेस के साथ है ही ब्राह्मण ठाकुर वैश्य भी भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस में आयेंगे तथा बसपा चन्द्रशेखर की आजाद पार्टी और ओवैसी का गठबंधन उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता है। लालू प्रसाद जी के पुत्र तेजस्वी यादव सपा के खिलाफ नहीं लडना चाहते बल्कि सपा के साथ लड़ कर पूर्वांचल में सपा को और ताकत दे सकते हैं।इस समय चले आओ जहां हो की आवाज सुनाई दे रही है।

# समाजसेवी अवधेश निरंजन के जन्मदिवस पर सेवा कार्य का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के बुंदेलखंड अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा संगठन के प्रदेश संयोजक, भारत विकास परिषद की धन्वन्तरि शाखा के गतिविधि संयोजक तथा पारस मेडिकल स्टोर, माँ पीताम्बरा मेडिकल एजेंसी एवं अभिलाषा चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर के संचालक एवं समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के विरुद्ध सक्रिय रूप से कार्य करने वाले समाजसेवी श्री अवधेश निरंजन जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप पटेल सर जी एवं महानगर अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को पूड़ी, सब्जी एवं खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने श्री अवधेश निरंजन जी को माल्यार्पण कर जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईश्वर श्री अवधेश निरंजन जी को समाज सेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करें। वे इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहें, निरंतर प्रगति करें तथा स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन व्यतीत करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. आर. वी. कटियार, गुलजारीलाल निरंजन, आर. आर. निरंजन, रामकिशुन निरंजन, डॉ. बी. के. निरंजन, विनोद निरंजन, मधुकर निरंजन, सूबेदार एन डी पटेल,महेंद्र निरंजन,अंकित राय, हरपाल गंगवार, गुड्डी रानी पटेल, डॉ अनमोल निरंजन,पवन पटेल, अंकित पटेल, प्रवेश सिंह, कमलेश निरंजन, अरविंद निरंजन, ज्ञान प्रकाश गौर, इंजीनियर वीरेंद्र निरंजन, मुकेश पटेल (मड़वा), अरविंद निरंजन, सतेंद्र सिंह पटेल,लालू गुप्ता,चंद्रपाल निरंजन,रामानंद तिवारी, मयंक यादव, डॉ. विजय भारद्वाज, दीपक पटेल, अमर सिंह पटेल, हिमांशु, सतीश पटेल, बादाम सिंह एवं लखन कुशवाहा,अजय गुप्ता ,कमलेश यादव,बृजनंदन पाल ,लालू गुप्ता,पर्वत पाल, लला यादव,ब्रजेश साहू, बृज बिहारी राय,अनिल खरे,रम्मू कुशवाहा पंकज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन को मिला नया नेतृत्व

## द्विवार्षिक अधिवेशन में मनीष कुमार पाण्डेय अध्यक्ष और राघवेन्द्र राजपूत सचिव निर्विरोध निर्वाचित

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** यू.पी. एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन, जनपद झांसी का द्विवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को शिक्षा भवन परिसर स्थित प्रांतीय क्षेत्रीय संगठन कार्यालय में संपन्न हुआ।



अधिवेशन में संगठन की लंबित मांगों, कर्मचारी हितों और संगठन की भावी रणनीति पर चर्चा के साथ नई जनपदीय कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महामंत्री श्याम सुंदर तिवारी के संबोधन से हुआ। उन्होंने संगठन की लंबित मांगों के शीघ्र समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा दिलाया। इसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें नामांकन के उपरांत जनपदीय कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न कराया गया। निर्वाचन अधिकारी आलोक शांडिल्य एवं रामसिया यादव ने मंडलीय पर्यवेक्षक राजेंद्र शर्मा की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई। इसमें मनीष कुमार पाण्डेय को अध्यक्ष, भूपेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राघवेन्द्र राजपूत को सचिव, घनश्यामदास को कोषाध्यक्ष तथा अनूप कुमार को ऑडिटर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा और लंबित मांगों के समाधान को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। अधिवेशन में निवर्तमान मंडलीय अध्यक्ष कालीचरण राजपूत, मंडलीय अध्यक्ष जयगोपाल पटेल, प्रमोद चंद्र, अजय राय, विनोद शर्मा, संतोष राजपूत, रईस अहमद सिद्दीकी, भारती, रचना, किरण, स्मृति, विनीता, नमिता राय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में मंडलीय मंत्री कृष्णकांत पटेल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर सुंदरकांड पाठ, हवन, 53 किलो बूंदी के लड्डू का प्रतीकात्मक कटान एवं प्रसाद वितरण

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा, 1 जुलाई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री अखिलेश यादव जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पुराने आरटीओ ऑफिस के पास स्थित हनुमान मंदिर, बांदा में समाजवादी नेता एवं आयोजक ओम नारायण त्रिपाठी 'विदित' के नेतृत्व में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ एवं हवन-पूजन के साथ हुआ। इस दौरान भगवान श्रीहनुमान जी से माननीय अखिलेश यादव जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुखद एवं यशस्वी जीवन तथा जनसेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। हवन-पूजन के उपरांत 53 किलो बूंदी के लड्डू का प्रतीकात्मक कटान किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के बीच बूंदी के लड्डू एवं प्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने अखिलेश यादव जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की। इस अवसर पर आयोजक ओम नारायण त्रिपाठी 'विदित' ने कहा कि माननीय अखिलेश यादव जी सामाजिक न्याय, विकास और जनसेवा की राजनीति के प्रेरणास्रोत हैं। उनके जन्मदिवस पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान समाज में सद्भाव, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमेश यादव, आमिर खान मन्नी, राजन चंदेल, प्रियांशु गुप्ता, अबरार फारूकी, प्रदीप परिहार 'बौवा', निलेश श्रीवास्तव, अर्जुन यादव, रईस, मुमताज अली, श्रीकांत यादव , इमरान अली, अशोक गौर, लालमन यादवजी सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# मऊरानीपुरः भाजपा का विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**मऊरानीपुर।** आज श्रीजी पैलेस में भाजपा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झाँसी नगर निगम के महापौर बिहारीलाल आर्य उपस्थित रहे।जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की। जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी




बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे ग्राम स्तर पर पन्ना प्रमुख और अन्य सांगठनिक समितियों का गठन जल्द से जल्द पूरा करें। महापौर बिहारीलाल आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ और नींव हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी को आगे ले जाने में बूथ अध्यक्षों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनिल राज ने किया। कार्यक्रम में बीरेंद्र नायक, अध्यक्ष प्रतिनिधि आयुष श्रीवास, शुभम वैद्य,चंचल कंथरिया, मोनू मौर्य, जयप्रकाश पाल, नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सोनी, मऊरानीपुर ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश पटेल, दिनेश गौतम, अनुज मिश्रा, अजय राजपूत, अभिषेक बिरथरे, अखिलेश राय, जबर प्रसाद, मुन्ना लाल सोनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सम्मेलन के अंत में ग्राम पठा के बूथ अध्यक्ष के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और सभी उपस्थित सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718